>

Title: Need to declare the historical Mughal Road between Fatehpur and Akbarpur via Bindki-Khajuha-Jahanabad and Sikandara in Uttar Pradesh as a National Highway.

श्री राकेश सचान (फतेहपुर): मेरे निर्वाचन क्षेत्र फतेहपुर के कुवरपुर (मलवां) से अकबरपुर - आगरा होते हुए दिल्ली को जोड़ने वाली मुगल रोड़ के महत्व को कम कर दिया गया है। राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 1 में सिकन्दरा से कानपुर होते हुए फतेहपुर को जोड़ दिया गया है। इससे ऐतिहासिक मुगल रोड़ के क्षेत्र कुवरपुर, बिन्दकी, खजुआ, बकेवर, जहानाबाद, घाटमपुर, मूसानगर व भोगनीपुर आदि क्षेत्र अत्यधिक प्रभावित हो रहे हैं। इससे खजुआ जो एक ऐतिहासिक धरोहर व पर्यटक स्थल है, का महत्व भी कम हो गया है। मुगल रोड़ के इस हिस्से को राष्ट्रीय राजमार्ग का स्वरूप प्रदान किया जाये। इस सड़क मार्ग के द्वारा आगरा व दिल्ली की दूरी भी कम होगी। साथ ही पेट्रोल व डीजल की बचत के साथ राजस्व की बचत भी होगी। साथ ही दिल्ली के लिए फतेहपुर-दिल्ली के लिए अतिरिक्त राजमार्ग भी उपलब्ध होगा। अतः मेरी सरकार से मांग है कि ऐतिहासिक मुगल रोड़ के महत्व को देखते हुए इसे 4 लेन में बनाते हुए फतेहपुर मलवां, बिन्दकी, खजुहा, जहांनाबाद व सिकन्दरा अकबरपुर होते हुए मुगल रोड़ के इस हिस्से को राष्ट्रीय राजमार्ग का दर्जा प्रदान करने के साथ ही ऐतिहासिक खजुहा को पर्यटक स्थल के रूप में विकसित किया जाये।